Topic: Seating Arrangement and Miscellaneous
Time: 15min
Paper-Maker Monika Awasthi

Directions (1-5): **दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

दस व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में (प्रत्येक पंक्ति में पाँच) बैठे हैं। पंक्ति-1 में A, B, C, D और E बैठे हैं और वे सभी दक्षिण की ओर उन्मुख हैं। पंक्ति-2 में K, L, M, N और O बैठे हैं और वे सभी उत्तर की ओर उन्मुख हैं। दी गई बैठक व्यवस्था में, पंक्ति में बैठे प्रत्येक सदस्य, दूसरी पंक्ति में बैठे अन्य सदस्यों की ओर उन्मुख हैं। वे विभिन्न पर्यटन स्थल पसंद करते हैं।
O अंतिम छोर पर बैठा है। मुन्नार पसंद करने वाले व्यक्ति, जो अंतिम छोर पर बैठा है, और E के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। K, जो पंक्ति के मध्य में बैठा है, L का निकटतम पड़ोसी नही है, L जो कुर्ग पसंद नहीं करता है। E मनाली पसंद करता है और गोवा पसंद करने वाले व्यक्ति के ठीक दाएं स्थान पर बैठा है। E, L के निकटतम पड़ोसी की ओर उन्मुख हैं। B अंतिम बाएं छोर पर नहीं बैठा है। K उदयपुर पसंद नहीं करता है। C और D के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है, D जो मुन्नार पसंद करता है । N, जो ऊटी पसंद करता है, उस व्यक्ति का निकटतम पड़ोसी है, जो कुर्ग पसंद करता है और N उस व्यक्ति की ओर उन्मुख नहीं है, जो लदाख पसंद करता है। M, जो औली पसंद करता है, उस व्यक्ति का निकटतम पड़ोसी है जो उदयपुर पसंद करता है और उदयपुर पसंद करने वाला व्यक्ति, मनाली पसंद करने वाले व्यक्ति के निकटतम पड़ोसी की ओर उन्मुख है। शिमला पसंद करने वाले व्यक्ति और लदाख पसंद करने वाले व्यक्ति के मध्य दो व्यक्ति बैठे हैं। B शिमला पसंद नहीं करता है। O गंगटोक पसंद नहीं करता है।

Q1. **निम्नलिखित में से कौन गंगटोक पसंद करने वाले व्यक्ति के विपरीत बैठा है?**
(a) E
(b) C
(c) A
(d) B
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTags Linear seating arrangement

Q2. **निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति शिमला पसंद करता है?**
(a) B
(b) D
(c) E
(d) A

(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTags Linear seating arrangement

Q3. **L और कुर्ग पसंद करने वाले व्यक्ति के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

(a) कोई नहीं

(b) तीन

(c) दो

(d) एक

(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता
L1Difficulty 2
QTags Linear seating arrangement

Q4. **निम्नलिखित में से कौन उदयपुर पसंद करने वाले व्यक्ति के ठीक दाएं स्थान पर बैठा है?**

(a) गोवा पसंद करने वाला व्यक्ति
(b) K
(c) औली पसंद करने वाला व्यक्ति
(d) N
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTags Linear seating arrangement

Q5. **निम्नलिखित में से कौन-सा शहर A पसंद करता है?**

(a) गंगटोक

(b) शिमला

(c) कुर्ग

(d) मनाली

(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 2
QTags Linear seating arrangement

Directions (6-8): **दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

यहाँ आठ कर्मचारी अर्थात् A, B, C, D, E, F, G और H हैं, जो समान वर्ष के आठ विभिन्न महीनों में जन्म लेते हैं। ये महीने क्रमागत रूप में मार्च से शुरू होकर अक्टूबर तक हैं। C का जन्म जून में हुआ। C और B के मध्य केवल एक ही कर्मचारी के जन्म का महिना है। E का

जन्म दिए गए डाटा के अंतिम महीने में हुआ है। H का जन्म A के जन्म वाले महीने से ठीक पहले हुआ है लेकिन C के जन्म वाले महीने के बाद हुआ है। F, C से आयु में छोटा है लेकिन A से आयु में बड़ा है। G, D से छोटा है। G, D से आयु में छोटा है।

Q6. **निम्नलिखित में से कौन A से आयु में छोटा है?**
(a) B
(b) D
(c) F
(d) E
(e) H
L1Difficulty 1
QTags Puzzle

Q7. **कितने कर्मचारी F से आयु में बड़े हैं?**
(a) चार
(b) दो
(c) तीन
(d) पाँच
(e) कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTags Puzzle

Q8. **यदि G का जन्म का महिना, A के जन्म के महीने से बदला जाता है, तो G निम्नलिखित में से किस कर्मचारी से आयु में बड़ा होगा?**
(a) H
(b) B
(c) E
(d) F
(e) D
L1Difficulty 1
QTags Puzzle

Q9. **छह छात्र U, V, W, X, Y और Z एक परीक्षा में भाग लेते हैं और विभिन्न अंक प्राप्त करते हैं। Z, V से अधिक अंक लेकिन W से कम अंक प्राप्त करता है। Y, W से अधिक अंक प्राप्त करता है लेकिन वह सबसे अधिक अंक प्राप्त नहीं करता है। V, केवल U से अधिक अंक प्राप्त करता है। निम्नलिखित में से कौन दूसरे सबसे अधिक अंक प्राप्त करता है?**
(a) U
(b) Y
(c) X

(d) Z
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTags Puzzle

Q10. **निम्नलिखित में से कौन-से व्यंजक में K>I व्यंजक निश्चित ही सत्य होगा?**
(a) G≥H, H=I, I≥J, J< K
(b) G≥H, H=I, I>J, J<K
(c) G≥H, K>J, I≤J, I=H
(d) J≥I, K<J, H=I, H≤G
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTags Inequalities Reasoning

Directions (11-15): **दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
बिंदु A, बिंदु C के 25 मीटर दक्षिण-पश्चिम में है। बिंदु D, बिंदु B के 18 मीटर पश्चिम में है। बिंदु G, बिंदु F के 5 मीटर उत्तर में है, बिंदु F, जो बिंदु E के 7 मीटर पूर्व में है। बिंदु C, बिंदु D के 24 मीटर उत्तर में है। बिंदु A, बिंदु E के 15 मीटर उत्तर में है। बिंदु G, बिंदु H के 9 मीटर पश्चिम में है। बिंदु B, बिंदु A के पूर्व में है।

Q11. **निम्नलिखित में से बिंदु A और बिंदु D के मध्य न्यूनतम दूरी कितनी है?**
(a) 13 मीटर
(b) 11 मीटर
(c)10 मीटर
(d) 7 मीटर
(e) इनमें से कोई नहीं
L1Difficulty 1
QTags Reasoning

Q12. **बिंदु C के सन्दर्भ में, बिंदु G किस दिशा में है?**
(a) दक्षिण-पूर्व
(b) दक्षिण
(c) उत्तर-पश्चिम
(d) पश्चिम
(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 1
QTags Reasoning

Q13. **बिंदु H के सन्दर्भ में बिंदु B किस दिशा में है और उनके मध्य न्यूनतम दूरी कितनी है?**

(a) √135 मीटर, दक्षिण-पश्चिम

(b) 13 मीटर, उत्तर-पश्चिम

(c) √181 मीटर, उत्तर-पूर्व

(d) 21 मीटर, दक्षिण

(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 1
QTags Reasoning

Q14. **बिंदु D और बिंदु G के मध्य न्यूनतम दूरी कितनी है?**

(a) 11 मीटर

(b) 10 मीटर

(c) √31 मीटर

(d) 12 मीटर

(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 1
QTags Reasoning

Q15. **बिंदु C के सन्दर्भ में बिंदु E किस दिशा में है?**

(a) उत्तर

(b) दक्षिण-पश्चिम


(c) पश्चिम

(d) दक्षिण

(e) इनमें से कोई नहीं

L1Difficulty 1
QTags Reasoning

Solutions (1-5):
Sol.




S1.Ans.(b)
S2.Ans.(d)
S3.Ans.(b)
S4.Ans.(c)
S5.Ans.(b)

Solutions (6-8):
Sol.


| Month | Employees |
|---|---|
| March | D |
| April | B |
| May | G |
| June | C |
| July | F |
| August | H |
| September | A |
| October | E |

S6. Ans.(d)
S7. Ans.(a)
S8. Ans.(c)

S9. Ans.(b)
Sol. X>Y>W>Z>V>U

S10. Ans.(c)

Solutions (11-15):
Sol.




S11. Ans.(d)
S12. Ans.(b)
S13. Ans.(c)
S14. Ans.(b)
S15. Ans.(b)